# नकली अंग्रेजी शराब बनाने का सामान जब्त, एक गिरफ्तार

संवाद सहयोगी खोरीमहुआ बरमसिया-मरकच्चो रोड पर धनवार थाना क्षेत्र के औरवाटांड़ से गुप्त

Tue, 30 Nov 2021 06:47 PM (IST)



संवाद सहयोगी, खोरीमहुआ : बरमसिया-मरकच्चो रोड पर धनवार थाना क्षेत्र के औरवाटांड़ से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बोलेरो से बड़ी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब पैकिंग में प्रयुक्त ढक्कन व लेबल जब्त किया। इस दौरान एक कारोबारी धनवार निवासी रंजीत साव की गिरफ्तारी भी हुई है। खोरीमहुआ एसडीपीओ मुकेश कुमार सिंह ने धनवार थाना में प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बोलेरो में नकली विदेशी शराब की बोतल, पैकिंग के ढक्कन व कई शराब ब्रांड के लेबल ले जाया जा रहा है। थाना प्रभारी संदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए औरवाटांड़ के पास बोलेरो को रोका और उक्त सामग्री जब्त कर ली। हालांकि अवैध सामग्री ले जा रही बोलेरो पुलिस को चकमा देकर भाग गई। गिरफ्तार रंजीत साव से पूछताछ कर पाता लगाया जा रहा है कि यह सामान कहां से आ रहा था और कहां ले जाया जा रहा था। बोलेरो किसकी थी, इस धंधे में कौन-कौन संलिप्त है, इन सभी के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार खोरीमहुआ अनुमंडल में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराब के अवैध धंधे में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर पुलिस निरीक्षक नवीन कुमार सिंह व थाना प्रभारी संदीप कुमार मौजूद थे।

Source: https://m.jagran.com/jharkhand/giridih-news-of-illegal-wine-22253528.html